हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 21 फरवरी 2026

06 शातिर वाहन चोर को नाहर दरवाजा पुलिस ने किया...



07 जब अन्नदाता समृद्ध होगा, तभी देश समृद्ध होगा...






# अवैध 'नारायण विहार' कॉलोनी पर कार्रवाई से बच रहा प्रशासन रसूख के समाने बौने साबित हो रहे कलेक्टर के भी आदेश!

### हरिभूमि में खुलासे के बाद संचालकों ने हटाया कॉलोनी का गेट, अफसर के सीधे हस्तक्षेप की चर्चा से कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे स्थानीय अधिकारी

हरिभूमि में प्रकाशित मुख्य खबर


नारायण विहार कॉलोनी के पास नहीं है 'विकास अनुमति' उपभोक्ता कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले जांचें हकीकत!

खबर प्रकाशन के पहले की तस्वीर



खबर प्रकाशन के बाद की तस्वीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर रेलवे पटरियों के पास नियमों को ताक पर रखकर काटी जा रही नारायण विहार कॉलोनी इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। ताजा घटनाक्रम में 'हरिभूमि' समाचार पत्र में कॉलोनी की अवैधता को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद हडक़ंप मच गया है। अपनी गर्दन फंसती देख कॉलोनी संचालकों ने कॉलोनी का नाम लिखा मुख्य गेट हटा दिया है। हालांकि इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात प्रशासन की रहस्यमयी चुप्पी है। सूत्रों की मानें तो इस कॉलोनी के पीछे एक बड़े अफसर का सीधा हस्तक्षेप है, जिसके चलते स्थानीय अमला कार्रवाई करने से कन्नी काट रहा है।

गौरतलब है कि कलेक्टर बालागुरू के. ने बीते 3 दिसंबर 2025 को पत्र जारी कर जिले के सभी राजस्व और नगर पालिका अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे। आदेश में स्पष्ट था कि एक सप्ताह के भीतर बिना अनुमति बन रही अवैध कॉलोनियों की सूची तैयार कर कार्रवाई की जाए।

**हरिभूमि फोकस**

कलेक्टर के इस फरमान से पूरे जिले के अवैध कॉलोनाइजरों में हडक़ंप मचा हुआ है, लेकिन नरेंद्र नगर स्थित रेलवे पटरियों के पास विकसित हो रही नारायण विहार कॉलोनी पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा। जानकारों का कहना है कि कॉलोनी में एक अफसर का सीधा हस्तक्षेप और निवेश है, यही कारण है कि तहसीलदार के नोटिस के बावजूद यहां कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### डायवर्जन तो करा लिया, पर विकास अनुमति गायब

इस मामले में तहसीलदार अमित सिंह ने स्वयं स्वीकार किया है कि कॉलोनी संचालकों ने नियमों का मखौल उड़ाया है। संचालकों ने जमीन का डायवर्जन तो करा लिया, लेकिन टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से नक्शा पास नहीं कराया और न ही स्थानीय निकाय से विकास अनुमति ली है।

बता दें नियमानुसार बिना विकास अनुमति के किसी भी खेत पर कंक्रीट का जाल बिछाना और प्लॉट बेचना पूरी तरह गैरकानूनी है। बावजूद इसके हरे-भरे खेतों को उजाडक़र यहां प्लॉटिंग का खेल धड़ल्ले से जारी है।

### खतरे में आम जनता की गाढ़ी कमाई

प्रशासन की सुस्ती और अफसरों के रसूख के बीच सबसे ज्यादा खतरा उन मध्यमवर्गीय परिवारों को है, जो अपने आशियाने का सपना लेकर यहां निवेश कर रहे हैं। बिना रेरा पंजीयन और बिना विकास अनुमति के काटी जा रही इस कॉलोनी में प्लॉट खरीदना भविष्य में कानूनी पचड़ों को दावत देना है।

### प्लॉट खरीदने से पहले जांचें यह पांच बिंदु

- कालोनाइजर लाइसेंस: कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी वैध लाइसेंस।
- टी एंड सीपी मंजूरी: टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से स्वीकृत नक्शा।
- विकास अनुमति: स्थानीय नगर पालिका या निकाय से बुनियादी विकास की अनुमति।
- रेरा पंजीयन: इसके बिना प्लॉट बेचना या विज्ञापन देना दंडनीय अपराध है।
- एनओसी: नजूल और पर्यावरण विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र।

## खबर संक्षेप

### जिले में चना व मसूर पंजीयन प्रारंभ, 32 केंद्रों पर सुविधा उपलब्ध

**नलखेड़ा।** कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार जिले में किसानों के लिए रबी उपार्जन विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत चना एवं मसूर के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार चना एवं मसूर का पंजीयन 20 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक किया जाएगा। गेहूं उपार्जन नीति के अंतर्गत जिले में किसानों के गेहूं पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में गेहूं के साथ-साथ चना एवं मसूर पंजीयन के लिए 32 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। जारी आदेशानुसार तहसील आगर अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था झलारा, कानड़, पालड़ा, आगर, नरवल, चांदनगांव, पिपलोनकलां, निपानिया बैजनाथ, तनोड़िया, पचेटी, विनणन सहकारी संस्था मार्केटिंग आगर को पंजीयन केन्द्र निर्धारित किया गया। इसी तरह तहसील बड़ौद में प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था निपानिया हनुमान, हरनावदा, पिपलिया घाटा, बिजानगरी, झोंटा, बड़ौद, मदकेटा और विपणन सहकारी संस्था मार्केटिंग बड़ौद को पंजीयन केन्द्र बनाया गया। तहसील सुसनेर में प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मोड़ी, डोंगरगांव, सुसनेर, सोयतखुर्द, सोयतकलां, खैराना, जमुनिया और विपणन सहकारी संस्था मार्केटिंग सुसनेर तथा तहसील नलखेड़ा में प्राथमिक कृषि साख संस्था बड़ागांव, नलखेड़ा, पानखेड़ी, धरोला व विपणन सहकारी संस्था मार्केटिंग नलखेड़ा को केन्द्र बनाया गया।

### नरवाई जलाने पर प्रतिबंध, उल्लंघन पर जुर्माने का प्रावधान

**सीहोर।** जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. द्वारा सीहोर जिले की खेतों में नरवाई (गेहूं, चना, मसूर के डंठल) जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू होगा और 19 अप्रैल तक प्रभावशील रहेगा। आदेश में उल्लेख किया गया है कि फसल कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी हेतु कुछ किसानों द्वारा खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट की जाती है, जिससे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता कम होती है, सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जनसंपत्ति और प्राकृतिक वनस्पति को नुकसान पहुंचता है तथा आगजनी की घटनाओं की आशंका बनी रहती है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नरवाई जलाने से कानून-व्यवस्था की स्थिति भी प्रभावित हो सकती है। जिले में रोटावेटर जैसे वैकल्पिक साधन उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग कर खेत साफ किए जा सकते हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 अंतर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया है।



# भंडावद क्रिकेट प्रतियोगिता में धरोला ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

क्षेत्र के भंडावद क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में धरोला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए धंदेड़ा को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच में धरोला ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 147 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से भोला भिलाला ने शानदार शतक जड़ते हुए मैच का रुख पूरी तरह अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। उनकी आक्रामक पारी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी धंदेड़ा की टीम पर धरोला के गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा। खासतौर पर लालसिंग ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक ली। लगातार तीन विकेट लेकर उन्होंने धंदेड़ा की टीम को संभलने का मौका नहीं दिया और मैच को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया। मैच समाप्ति के बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार महेश पाटीदार द्वारा विजेता टीम धरोला को प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष परीक्षा परिणाम में दशरथ सिंह ने पांचवी रैंक हासिल की



**कानड़।** ग्राम राजाखेड़ी के रहने वाले दशरथ सिंह ने शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अंतर्गत फ्लोरेंस नाइटऐंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष शैक्षणिक सत्र 2021-22 की परीक्षा परिणाम में 5वीं रैंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया।

# आगर-सुसनेर मार्ग पर दो कारों में भिड़ंत, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शुक्रवार दोपहर 3 बजे आगर-सुसनेर मार्ग पर आमला के समीप एक सड़क हादसा हो गया। दो कारों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं। गंभीर हालत वाले आठ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उज्जैन रेफर किया है।

जानकारी के अनुसार ओमनी कार आगर मालवा से सोयत की ओर जा रही थी। वाहन में जया (25), मंजू (40), प्रेमबाई (35), सुनीता (40), देव (8), कल्लो, सपना, लवीश, पूजा दांगी और चालक रमेश सवार थे। इनमें से अधिकांश महिलाएं आगर में सिलाई प्रशिक्षण लेकर वापस लौट रही थीं। आमला के पास सामने से आ रही इको कार से उनकी कार की भिड़ंत हो गई। दूसरी कार में मीना भावसार, दीपिका गुजराती, श्रेयांसी गुजराती, अथर्व और जयदीप भावसार सवार थे, जो नलखेड़ा स्थित बगलामुखी माता मंदिर के दर्शन कर देवास जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए







और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में रचना नामक महिला की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही सीएसपी मोतीलाल कुशवाह सहित कोतवाली थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भिजवाया। बाद में जेसीबी मशीन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया, जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वाहन को बचाने में पलटी पिकअप



**कानड़।** आगर सारंगपुर रोड माताजी चौराहा पर पिकअप वाहन अन्य वाहन को बचाने में पलट गया। गनीमत रही की ड्राइवर को चोट नहीं आई। पिकअप वाहन आगर से सारंगपुर की ओर जा रहा था।

### संकल्प से समाधान अभियान में 62 हजार आवेदनों का किया गया निराकरण

**सीहोर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा अभियान के माध्यम से जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के अंतर्गत 19 फरवरी 2026 तक विभिन्न विभागों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार अभियान के तहत कुल 67,301 आवेदन दर्ज हुए, जिनमें से 62,317 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 4,984 प्रकरण लंबित हैं। सबसे अधिक आवेदन सहकारिता विभाग में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत प्राप्त हुए, जहां 23,263 में से 23,233 प्रकरणों का निराकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 9,094 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 8,873 का निराकरण किया जा चुका है। इसी प्रकार राजस्व विभाग में चालू खसरा खतौनी की प्रतिलिपि के 6,297 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 4,728 का निराकरण हुआ।

### अचानक से हुए पश्चिमी विक्षोभ के कारण यह बदलाव देखने को मिला

# मौसम बदला: श्यामपुर में 1.1 एमएम, आष्टा में 1.0 एमएम व जावर में 2.0 एमएम बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया है। बीते 24 घंटों के दौरान जिले में रुक-रुक कर बारिश हुई, जिससे एक बार फिर ठंड लौट आई है। सीहोर में 5.0 एमएम, श्यामपुर में 1.1 एमएम, आष्टा में 1.0 एमएम और जावर में 2.0 एमएम बारिश दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) के कारण यह बदलाव देखने को मिल रहा है। मंगलवार दोपहर को तेज धूप के कारण थोड़ी गर्मी बढ़ी थी, लेकिन देर रात से बुधवार सुबह तक



रुक-रुक कर कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश होती रही। दिसंबर और जनवरी माह में सीहोर जिले का न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ था। फरवरी की शुरुआत के साथ ही मौसम में परिवर्तन देखा गया। पहले सप्ताह में घना कोहरा छाया रहा, जबकि दूसरे सप्ताह में कभी गर्मी तो कभी ठंड का अनुभव हुआ। रात का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं दोपहर में यह 24 डिग्री तक पहुंच गया था। फरवरी के तीसरे सप्ताह में मौसम ने अचानक करवट ली। मंगलवार रात 10 बजे से तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई, जो रात भर जारी रही और सुबह भी रिमझिम बारिश हुई। इससे वातावरण ठंडक लौट आई।

# घायल नीलगाय का सफल रेस्क्यू, वन विभाग ने ग्रामीणों की मदद से किया इलाज, जंगल में छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर


जिले के ग्राम थूना में एक घायल नीलगाय का वन विभाग और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सफल रेस्क्यू किया गया। नीलगाय को प्राथमिक उपचार के बाद सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।वन विभाग को सूचना मिली थी कि थूना गांव में एक नीलगाय घायल अवस्था में है। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला सक्रिय हो गया। नीलगाय को पकड़ने का अभियान पूरी रात जारी रहा। वन विभाग के डिप्टी रेंजर सहित टीम ने काफी मशक्कत के बाद नीलगाय को सुरक्षित रेस्क्यू किया। घायल नीलगाय की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए थे। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम को नीलगाय को काबू करने में काफी कठिनाई हुई, क्योंकि वह इधर-उधर भाग रही थी। कड़ी मशक्कत के बाद उसे पकड़ा जा सका।

### प्राथमिक उपचार किया कैसे लगी, पता नहीं?

रेस्क्यू के बाद नीलगाय का प्राथमिक उपचार किया गया। कुछ हद तक स्वस्थ होने पर उसे जंगल में छोड़ दिया गया। हालांकि, यह अभी ज्ञात नहीं हो सका है कि नीलगाय आवासीय क्षेत्र में कैसे आ गई थी और उसके घायल होने का कारण क्या था।

## खबर संक्षेप

### जैन प्रबुद्ध मंच शहर अध्यक्ष नियुक्त हुए अतुल जैन



**चापड़ा।** जिले में जैन प्रबुद्ध मंच ट्रस्ट का गठन किया गया है।जैन प्रबुद्ध मंच ट्रस्ट के मध्यप्रदेश राज्य अध्यक्ष विजयपाल जैन (टोंग्या) इन्दौर ने चापड़ा शहर अध्यक्ष के रूप में समाजसेवी अतुल जैन को नियुक्ति प्रदान की है। संघ ने समाज की डिजिटल पहचान को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए "जैनत्व ऐप" को लॉन्च किया है ।नवनियुक्त शहर अध्यक्ष अतुल जैन ने बताया कि यह ऐप समाजजनों को एक ही मंच पर लाने का सशक्त माध्यम बनेगा। इसके माध्यम से धार्मिक, सामाजिक और सेवाकार्यों की नवीनतम जानकारी आसानी से उपलब्ध होगी। जैन की नियुक्ति पर जैन समाज ने बधाईयां देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### तालाबंदी करने के बाद जमा की बकाया राशि

**देवास।** निगम राजस्व विभाग टीम द्वारा सख्ती से कुर्की व तालबंदी जैसी कार्रवाई निरंतर की जा रही है। कार्रवाई के दौरान 1 लाख 10 हजार की राशि वसुली की गई। इसी अन्तर्गत प्रतिदिन बकायादरों पर कुर्की की व दुकान तालाबंदी की कार्रवाई निगम की टीम कर रही है। शुक्रवार को निगम टीम के द्वारा वार्ड 34 नयापुरा स्थित भवन पर संपत्ति कर राशि 31 हजार बकाया होने पर भवन स्वामि जमनाबाई उंकार लाल गुर्जर को सूचना पत्र दिए जाने के उपरांत भी राशि जमा नही करने पर भवन निर्मित दुकान पर कुर्की की कार्रवाई कर तालाबंदी की गई। निरंतर कार्रवाई के दौरान तुकोगंज रोड स्थित दुकानों टीम द्वारा तालाबंदी कार्रवाई के दौरान संबंधित 3 व्यवसाईयों से 1 लाख 10 हजार की बकाया संपत्तिकर की राशि जमा कराई। कार्रवाई मे निगम राजस्व उपनिरीक्षक संजय सांगते, सहायक राजस्व निरीक्षक हेमन्त धुरिया, शिरोमणी सिंह कुशवाह, गौतम तिवारी, सहायक सादिक खान, दिलीप तापकीर उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों ने साबित की अपनी भूमिका

# शातिर वाहन चोर को नाहर दरवाजा पुलिस ने किया गिरफ्तार, वाहन जब्त

,आरोपी हुआ सीसीटीव्ही फुटेज में कैद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटर साईकिले की जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे सीसीटीव्ही कैमरो ने अपनी भूमिका फिर साबित की है। थाना नाहर पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज में कैदशातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है।एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में चोरी,नकबजनी की वारदातो पर अंकुश लगाने एवं उक्त घटनाओं में संलिप्त आरोपियो को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्दिशित किया गया है । इसी क्रम में 28 जनवरी को फरियादी अशफाक खान पिता युनुस खान उम्र 41 साल निवासी 159 लक्ष्मी बाई मार्ग देवास ने थाना नाहर दरवाजा आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 25 जनवरी को उसकी कपड़े की दुकान शालीमार कलेक्शन सुपर मार्केट के सामने से कोई अज्ञात बदमाश उसकी काले रंग की 150 सीसी पल्सर मोटर सायकल वाहन क्रमांक MP37MS8091 चोरी कर ले गया है । रिपोर्ट पर से थाना नाहर दरवाजा पर अपराध क्रमांक 18/26 धारा 303(2) BNS का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नाहर दरवाजा निरीक्षक अमित सोलंकी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया । पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीव्ही कैमरा चेक किये गये । जिसमें आरोपी के द्वारा घटना कारित कर भागना कैद हुआ । सीसीटीव्ही फुटैंज एवं विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी ध्रुप उर्फ दुर्प चौहान पिता अनिल चौहान उम्र 18 साल निवासी ग्राम कंजर डेरा ओढ थाना सोनकच्छ जिला देवास को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटर साईकिल के अलावा सीहोर जिले से चोरी की गई अन्य तीन मोटरसाईकिल जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी नाहर दरवाजा निरीक्षक अमित सोलंकी, सउनि कमलसिंह झोडीया, प्रआर धर्मराजसिंह चौहान, भगवानसिंह राठौर, आर विकाश पटेल, नवदीप, धर्मेन्द्र,महेश बामनिया की सराहनीय भूमिका रही।

# देवास इंदौर बस चालकों ने की हड़ताल, यात्री परेशान

**धारा 151 हटाने की मांग**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देवास-इंदौर के बस चालकों ने मंगलवार सुबह अचानक हड़ताल की घोषणा कर दी। हड़ताल ने शहर के आवागमन को बुरी तरह से प्रभावित किया। इंदौर-उज्जैन, भोपाल सहित अन्य शहरों को जाने वालों को बड़ी परेशानी महसूस हुई। बड़ी संख्या में अप-डाउनर्स बस का इंतजार करते रहे और आखिकार निराश होकर घर लौट गए। बस चालकों द्वारा कड़े नियमों की खिलाफत के स्वरूप यह हड़ताल की गई थी। चालकों की मुख्य मांग उन पर लगाई जा रही धारा 151 को हटाने की है। हड़ताल के चलते इंदौर-देवास रूट पर चलने वाली 60 से अधिक बसें बंद हो गई हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर बसों को तेज रफ्तार से चलाने और रेस लगाने के कुछ वीडियो वायरल हुए थे। प्रशासन ने इनका संज्ञान लेते हुए कुछ बस ड्राइवरों पर धारा 151 के तहत कार्रवाई की थी। इसी के विरोध में यह हड़ताल बुलाई गई है। बस चालकों का कहना है कि छोटे-मोटे हादसों में भी पुलिस सीधे धारा 151 लगाकर ड्राइवरों को जेल भेज देती है। बसों का संचालन बंद होने से यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा। ट्रैफिक टीआई पवन बागड़ी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। तेज रफ्तार और रेस जैसी गतिविधियों की शिकायतें मिलने पर कार्रवाई की जा रही है और आगे भी जारी रहेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए शाजापुर या अन्य स्थानों से आने वाली बसों को सीधे इंदौर भेजा जा रहा है।

# शॉर्ट सर्किट से लगी गोडाउन में आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अलकापुरी क्षेत्र में एमपीईबी की लटकती केबल के कारण शुक्रवार को एक टीन शेड गोडाउन में आग लग गई। सूचना मिलते ही नगर निगम की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। अलकापुरी निवासी महेश के अनुसार, गोडाउन के ऊपर से एमपीईबी की केबल लंबे समय से लटक रही थी। इसकी शिकायत कई बार संबंधित विभाग से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही के कारण ही केबल से आग लगी। आग में गोडाउन में रखा टीन की चद्दरें, प्लास्टिक पाइप और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई। इससे महेश को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। नुकसान का सटीक आंकलन अभी नहीं हो सका है। नगर निगम की दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर तेजी से आग पर काबू पाया। समय पर कार्रवाई से आग आसपास के मकानों और अन्य गोदामों तक फैलने से रोक ली गई। घटना के बाद सिविल लाइन क्षेत्र से जुड़े एमपीईबी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। निरीक्षण में पाया गया कि केबल बीच से जली हुई थी। कर्मचारियों का कहना है कि सुबह हुई बारिश के कारण संभवतः शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग लगी। जली हुई केबल को मौके से हटा दिया गया है।

## ब्लॉक कांग्रेस ने इस्तीफे की मांग के साथ मंत्रियों का फूंका पुतला



**देवास।** प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ईशान राणा, प्रतीक शास्त्री, रूपेश कल्याणे, नीरज नागर और दिलीप सिंह सोलंकी के नेतृत्व में स्थानीय सयाजी द्वार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं मंत्रियों के पुतले जलाए गए। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में यह प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के दबाव में ट्रेड डील की है, जिसकी देशभर में आलोचना हो रही है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने अब तक तीनों दोषी मंत्रियों को पद से नहीं हटाया है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार कफ सिरप पीने से सैकड़ों बच्चों की मौत हुई, दूषित जल पीने से इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में कई लोगों की जान गई, तथा सेना और महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी के मामले में मंत्री विजय शाह की टिप्पणी को न्यायालय ने भी अनुचित माना है। इन घटनाओं को लेकर उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला , मंत्री विजय शाह एवं कैलाश विजयवर्गीय के विरोध में भी पुतले जलाए गए। गौतम एवं चौधरी ने कहा कि इन घटनाओं के बावजूद संबंधित मंत्रियों के इस्तीफे नहीं लिए जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर यह प्रदर्शन किया गया है। आगामी 24 तारीख को भोपाल में होने वाले बड़े आंदोलन में देवास जिले से हजारों कांग्रेसजन शामिल होंगे।

# इंदौर बैतूल हाईवे पर संभाजी नगर में ट्रक व डंपर की हुई भिड़ंत, डंपर चालक कैबिन में फंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर लगातार वाहनों का आवागमन बढ़ता जा रहा है जिसके कारण आए दिन सड़क हादसे भी लगातार हो रहे हैं। शुक्रवार के दिन इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर करनावद फाटे के समीप संभाजी नगर में एक बार फिर एक ट्रक व डंपर में भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों के बीच भिड़ंत इतनी तेज थी कि दोनों के केबिन आपस में टकराकर चकनाचूर हो गए। हादसे के दौरान डंपर चालक अंदर ही फंस गया, सूचना मिलने पर डायल 112 पायलट पटेल, और प्रभारी मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकल गया। दोनों वाहनों के चालक घायल हुए हैं। इस दौरान इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर आवागमन बंद हो गया और वाहनों कि दोनों तरफ लंबी-लंबी कतारें लग गई। वाहन चालकों को परेशानी होगा सामना करना पड़ा। क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को सड़क से एक तरफ किया गया जिसके बाद मार्ग पर आवागमन शुरू हुआ।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय पर लटके ताले आवेदक परेशान, शिव सेना ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर स्थित मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय में ताला लटका मिलने से आवेदकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सरकारी कार्यालय में कार्य समय के दौरान कर्मचारियों की अनुपस्थिति और बंद कार्यालय को लेकर नागरिकों में रोष व्याप्त है। शिवसेना के जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा ने इस व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय में कोई तो जिम्मेदार होना चाहिए, जो कार्यालय में आवेदन प्राप्त कर सके। यह जिले का मुख्य कार्यालय है, यहां ताले लगे होना जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही के कारण आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वर्मा एक आरटीआई संबंधी आवेदन प्रस्तुत करने उप संचालक एवं अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला कार्यालय पर 19 फरवरी को दोपहर 1 बजे पहुंचे थे, लेकिन वहां ताला लटका मिला। इस संबंध में वर्मा ने जब खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर से फोन पर संपर्क किया, तो उन्होंने बताया कि वे फील्ड पर निरीक्षण हेतु गए हुए थे तथा स्टाफ की कमी के कारण संभवतः कार्यालय में ताला लगाया गया होगा। हालांकि, इस जवाब से असंतुष्ट शिवसेना पदाधिकारियों का कहना है कि मुख्य कार्यालय में कम से कम एक जिम्मेदार कर्मचारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जानी चाहिए। शिवसेना जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा ने इस मामले में कलेक्टर संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में आमजन को असुविधा ना हो।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत शिविर लगाकर किया जा रहा आवेदनों का निराकरण

# जिले में अभियान के तहत 22 हजार 239 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शासन निर्देशानुसार जिले में ''संकल्प से समाधान'' अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 31 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। अभियान ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय और जिला स्तर पर संचालित कर हिताग्राहियों को शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिया दिलाया जा रहा है। "संकल्प से समाधान" अभियान के प्रथम चरण में घर-घर जाकर ग्राम स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी के गठित दल द्वारा आवेदन के एकत्रीकरण का कार्य किया जा रहा है। अभियान का प्रथम चरण 15 फरवरी तक आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत/नगरीय वार्ड स्तर पर गठित समितियां घर-घर जाकर तथा शिविरों के माध्यम से आवेदन/शिकायतें एकत्रित की गई।

जिले में ''संकल्प से समाधान'' अभियान के तहत 12 जनवरी से 19 फरवरी तक कुल 43 हजार 593 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 22 हजार 239 आवेदनों का निराकरण किया गया। जिनमें श्रम विभाग के 7 हजार 525 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 3821 आवेदनों का निराकरण किया गया। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के 7445 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 6445 आवेदनों का निराकरण किया गया। राजस्व विभाग के 6223 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1069 आवेदनों का निराकरण किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 4236 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 788 आवेदनों का निराकरण किया गया। सामान्य प्रशासन विभाग के 3517 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 2665 आवेदनों का निराकरण किया गया।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के 3342 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1141 आवेदनों का निराकरण किया गया। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के 3321 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1849 आवेदनों का निराकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के 2827 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1862 आवेदनों का निराकरण किया गया। योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के 2058 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1607 आवेदनों का निराकरण किया गया। पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के 693 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 63 आवेदनों का निराकरण किया गया। परिवहन विभाग के 624 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 472 आवेदनों का निराकरण किया गया। सहकारिता विभाग के 622 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 57 आवेदनों का निराकरण किया गया। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के 388 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 179 आवेदनों का निराकरण किया गया। मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के 124 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 13 आवेदनों का निराकरण किया गया। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के 117 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 41 आवेदनों का निराकरण किया गया। वित्त विभाग के 112 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 56 आवेदनों का निराकरण किया गया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के 101 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 37 आवेदनों का निराकरण किया गया। जनजातिय कार्य विभाग के 100 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 20 आवेदनों का निराकरण किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के 78 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 48 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण की कार्रवाही जारी है। इस अभियान अंतर्गत विभाग विभागों की 106 योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है।

### चार चरणों में चलाया अभियान

प्रथम चरण ( 12 जनवरी से 15 फरवरी ) में ग्राम पंचायत/नगरीय वार्ड स्तर पर समितियां गठित कर घर-घर जाकर या शिविरों के माध्यम से आवेदन/शिकायतें एकत्र की गई। ये आवेदन CM हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज किए गए। द्वितीय चरण (16 फरवरी से 16 मार्च 2026) में क्लस्टर/जोन स्तर पर शिविर आयोजित कर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आदि इसके नोडल अधिकारी होंगे। तृतीय चरण (16 मार्च से 26 मार्च 2026) में विकासखंड/ब्लॉक स्तर पर शेष आवेदनों का समाधान, जहां नगर पालिका/पंचायत साथ हों, वहां संयुक्त शिविर लगाए जाएंगे। चतुर्थ चरण (26 मार्च से 31 मार्च 2026) में जिला स्तर पर अंतिम शिविर, जहां जिले के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में शेष आवेदनों का निराकरण और हितलाभ वितरण किया जाएगा।

# मेला के दौरान बच्चों के लिए झूले किए मुफ्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ॐ महाशक्ति ग्रुप विपिन शिवहरे मित्र मण्डल द्वारा प्रतिवर्ष जटाशंकर मेला आयोजन के दौरान बच्चों के लिए एक दिन के लिए झूले एवं भक्तो के लिए जलेबी प्रसाद का निःशुल्क वितरण किया जाता है। 9 वर्ष से लगातार यह परम्परा चली आ रही है।

विपिन शिवहरे ने बताया कि जटाशंकर महंत श्री श्री 1008 बद्रीदास महाराज के सांथ जटाशंकर धाम में पधारे समस्त संतो द्वारा बुधवार शाम 6 बजे प्रसादी का भोग लगा कर जलेबी का वितरण किया गया।साथ ही बच्चों के लिए झूले निःशुल्क किए गए। आयोजन रात्रि 11 बजे तक चलता रहा। कार्यक्रम में जटाशंकर महंत बद्रीदास महाराज के साथ रामदास महाराज दाहिबेडा, हरिओम पूरी महराज, कैलाशदास महाराज, गणेश दास महाराज सहित अनेक संत उपस्थित रहे। लगभग 5 क्विंटल जलेबी वितरित की गई। इस अवसर पर ओम महाशक्ति ग्रुप विपिन शिवहरे मित्र मण्डल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आज

**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से शनिवार 21 फरवरी को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान आयोजित किया जायेगा, जिसके क्रम में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सदर तहसील ललितपुर में जनसमस्याओं का निस्तारण करायेंगे, अपर जिलाधिकारी तहसील तालबेहट व सम्बंधित उप जिलाधिकारी अपनी अपनी तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण करायेंगे। जनसामान्य से अपील की गई है कि अपने क्षेत्र की तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण करायें।

### बारातियों,मोहल्लेवासियों में मारपीट, तीन घायल

**ललितपुर।** गुरुवार रात सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पिसनारी बाग में बारातियों और स्थानीय लोगों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद घर के पास शराब पीने से मना करने पर शुरू हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। घटना में तीन युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बांसी कस्बे से एक बारात पिसनारी बाग स्थित विवाह घर में आई थी। रात करीब 11 बजे कुछ बाराती विवाह स्थल के पास मोहल्ले में शराब पी रहे थे। इस पर स्थानीय लोगों ने उन्हें मना किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मारपीट में घायल दो युवकों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस बारात पक्ष के दो युवकों को पूछताछ के लिए कोतवाली ले आई। बताया गया कि युवकों को छुड़ाने के लिए बारात में शामिल बीस से अधिक महिलाएं कोतवाली पहुंच गईं और करीब दो घंटे तक वहां मौजूद रहीं। इसी दौरान बारात घर से कोतवाली आ रहे बांसी निवासी बाराती आकाश शर्मा को रास्ते में कुछ युवकों ने रोककर फिर मारपीट कर दी, जिससे वह भी घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित आकाश शर्मा की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली रही है।

### युवक से मारपीट, तीन नामजद व अन्य पर केस

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक महाविद्यालय के बाहर एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला चौकाबाग निवासी संदीप यादव पुत्र पप्पू यादव ने कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 फरवरी 2026 को वह अपने कॉलेज नेमवि गया हुआ था। इसी दौरान चौकाबाग निवासी व्यक्ति राजा, निवासी रवि कुशवाहा और आजाद चौक निवासी प्रिंस सरदार उर्फ पतलू अपने अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे और बिना किसी बात के उसे मां-बहन की भद्दी गालियां देने लगे। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे उसके मित्र केशव कुशवाहा को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और उसके साथ भी मारपीट की गई। घटना में दोनों को शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और उन्होंने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि यदि कहीं शिकायत की तो अंजाम बुरा होगा। पीड़ित के अनुसार, घटना स्थल के सामने स्थित एक किराना दुकान के कैमरे में पूरी मारपीट की घटना रिकॉर्ड होने की बात कही गई है। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### कुबेरेश्वर धाम का निरंतर निरीक्षण

**सीहोर।** गत 14 फरवरी से कुबेरेश्वर धाम में रूद्राक्ष महोत्सव के तहत शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है। सभी व्यवस्थाएं एवं सेवायें सुचारू रूप संचालित हो रही है। कलेक्टर बालागुरु के. एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग की जा रही है।

---

### एकीकृत बागवानी विकास मिशन में दो दिवसीय किसान मेला शुरू

# जब अन्नदाता समृद्ध होगा, तभी देश समृद्ध होगाः जिलाधिकारी सत्य प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत कल्याण सिंह सभागार रामनगर ललितपुर में दो दिवसीय किसान मेला का शुभारम्भ जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन एवं श्रम सेवा योजन राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ द्वारा सरस्वती मॉ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर किया गया। मेला में जनपद के कृषि सहयोगी विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूहों, पीएमएफएमई योजना के लाभार्थियों द्वारा स्टॉल लगाये गये।

स्टॉलों का निरीक्षण जिलाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष, राज्यमंत्री प्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधयों द्वारा किया गया। स्टॉलों के माध्यम से किसानों को विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त हुई। सर्वप्रथम जिला उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथीगणों एवं कृषकों का अभवादन व्यक्त करते हुये उद्यान विभाग में संचालित सभी योजनाओं को विस्तार से बताया एवं आवेदन प्रक्रिया एवं पात्रता पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होने बताया कि उद्यान विभाग की फ्लैगषिप योजना माइक्रोइरीगेशन योजनान्तर्गत जनपद में 4 हजार से अधिक कृषकों को लाभान्वित किया गया है जनपद में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से 388 खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना की गयी है एवं बागवानी योजना से 70 हेक्टेयर में नये बागों का रोपण किया गया है। जिलाधिकारी कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में उपस्थित समस्त कृषकों का अभिवादन करते हुये कृशकों को परम्परागत खेती के साथ-साथ औद्यानिक फसलें जैसे-बाग लगाना, सब्जी, मिर्च, हल्दी, धनिया आदि की खेती एक छोटे से खेत से शुरू करने का सुझाव दिया। उन्होने बताया कि सरकार सभी औद्यानिक फसलों की खेती हेतु प्रोत्साहन के रूप में बीज, पौधें, खाद, दवाई एवं पोशक तत्व निःशुल्क उपलब्ध कराती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वह सरकार द्वारा संचालित अनेकों किसान हितार्थ का लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि जब अन्नदाता समृद्ध होगा तभी देश समृद्ध होगा। आपकी समृद्धि के लिए सरकार द्वारा अनेकों कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं, जिसका आवेदन अपने नजदीकि जनसेवा केन्द्र से कराकर उनका भरपूर लाभ उठाएं। इसके लिए उन्होंने मौके पर ही जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि वह अपनी सभी विभागीय योजनाओं से किसानों को अवगत कराएं और उसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं ताकि सभी किसानों को योजनाओं के बारे में जानकारी हो सके।

#### सूक्ष्म सिंचाई पद्धति की खूबियों को गिनाया

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ दिनेश कुमार तिवारी द्वारा कृषकों को सूक्ष्म सिंचाई पद्धति की खूबियों को गिनाया उन्होने कहा कि यदि कृशक सूक्ष्म सिंचाई पद्धति अपनाता है तो उसे सामान्य की अपेक्षा 50 से 60 प्रतिषत तक पानी की बचत होती है एवं उत्पादन में वृद्धि होती है और किसान को अलग से कोई खाद, दवाई, पोशक तत्व डालने की जरूरत नहीं होती है सिंचाई पद्धति की मुख्य यूनिट में एक बैन्चुरी सिस्टम लगा होता है जिसे खाद दवाई या पोशक तत्व के घोल बाली बाल्टी में डालते है तो उस पानी के साथ पौधों की जड़ो में पहुॅचा देती है।

#### बागवानी करने हेतु प्रेरित किया

नेहरू महाविद्यालय के उद्यान विज्ञान के प्रवक्ता श्री लक्ष्मीकांत मिश्रा द्वारा कृषकों को बागवानी करने हेतु प्रेरित किया गया तथा बागवानी से होने वाले लाभों की जानकारी दी गयी और नेहरू महाविद्यालय परिसर में उनके द्वारा विकसित आंवला के बाग एवं संचालित औद्यानिक गतिविधियों को देखने और उनसे प्रेरणा लेने हेतु कृशकों को आमंत्रित किया। नेहरू महाविद्यालय के कृशि/मृदा संकाय के प्रवक्ता श्री एचसी दीक्षित द्वारा कृशकों को फसल कटाई के बाद फसल अवशेषों को खेत में जलाने से होने वाले नुकसानों को बताया और फसल अवषेश प्रबंधन करने हेतु कृशकों को जागरुक किया।

#### सिंचाई पद्धतियों को वर्णन किया

*नेहरू महाविद्यालय के सस्य विज्ञान के प्रवक्ता अवनीस कुमार त्रिपाठी द्वारा सिंचाई पद्धतियों को वर्णन करते हुये बताया कि बुन्देलखण्ड में ज्यादातर किसानों के पास छोटे-छोटे टुकड़ों में एक ही गॉव में कई जगहो पर भूमि होती है ऐसी स्थिति में किसान हर खेत पर सूक्ष्म सिंचाई की स्थापना नहीं करा सकता इसलिए सरकार द्वारा सामूहित सिंचाई पद्धति को चलाया जा रहा है जिसे वैज्ञानिक भाशा में च्वटप्ज सिंचाई पद्धति कहते है जिसमें 10 हेक्टेयर से 25 हेक्टेयर तक के किसान एक समूह बनाकर पोविट सिंचाई पद्धति की स्थापना कराते है जिसमें एक ही साथ पूरा रकबा सिंचित होता है। उद्यान विभाग द्वारा इस सिंचाई पद्धति हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।*

#### उद्यान विभाग की योजनाओं की सराहना

जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन द्वारा उद्यान विभाग की योजनाओं की सराहना करते हुये कहा कि सरकार द्वारा उद्यान विभाग, कृशि विभाग, मत्स्य विभाग, दुग्ध विभाग, पषुपालन विभाग आदि के माध्यम से बहुत सारी किसानोन्मुखी योजनायें संचालित है। जो जनपद के किसानों को समृद्धषाली बनाने में अहम भूमिका निभा रही है तथा किसानों की आय बढ़ाने में मददगार साबित हो रही है।

#### शाक सब्जी की खेती करें

राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ के प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ द्वारा किसानों को समझाया गया कि यदि आपके पास 5 एकड़ भूमि है तो आप 1 एकड़ भूमि पर कोई एक औद्यानिक फसल जैसे-बगीचा या शाक सब्जी की खेती करें और शेष रकवा में परम्परागत खेती करने पर आपको एक एकड़ औद्यानिक खेती से 4 एकड़ परम्परागत खेती की तुलना में 5 से 6 गुना अधिक मुनाफा होगा और आप स्वयं की अपनी पूरी भूमि पर औद्यानिक खेती करने लगेंगे। साथ ही कीटनाषक रहित खेती करने, मिट्टी का कटाव रोकने हेतु पेड़ लगाने एवं फसल अवषेश को जलाने के जगह उन्हें जीवामृत का प्रयोग कर खाद बनाकर उपयोग करने की सलाह दी। उन्होने खेती के साथ-साथ गाय पालन की सलाह दी और गो आधारित खेती के लाभों की जानकारी दी।

#### योजनाओं के माध्यम से अनुदान प्राप्त करें

कृषक तिलक राम कौषिक द्वारा औद्यानिक खेती में अपना अनुभव किसानों के साझा किया और विभागीय योजनाओं के माध्यम से अनुदान प्राप्त कर आधुनिक, वैज्ञानिक तरीके से जैविक खेती करने हेतु किसानों से आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन लोक सागर सोसाइटी के दल नेता शैलेन्द्र सागर ने किया। अंत में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारीगणों, जनप्रतिनिधि एवं कृषकों का धन्यवाद किया इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, जिला सूचना अधिकारी, वैज्ञानिक दिनेश कुमार तिवारी, जिला कृशि अधिकारी, नेमावि के प्रवक्ता लक्ष्मीकांत मिश्रा, डॉ एचसी दीक्षित, डॉ अवनीष कुमार, डॉ पंकज कुमार शर्मा मौजूद रहे।

---

### जिलाधिकारी सख्त

# नकली खाद व कीटनाशक बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



#### एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

किसानों के हितों के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध जिला प्रशासन ने नकली उर्वरक विक्रेता के विरुद्ध कठोर कार्यवाही का स्पष्ट संदेश दिया है।

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश को कलैक्ट्रेट परिसर में आयोजित अपनी नियमित जनसुनवाई के दौरान कुछ किसानों द्वारा शिकायत प्राप्त हुई कि महरौनी क्षेत्र के एक खाद विक्रेता से खरीदी गई डीएपी उर्वरक के प्रयोग के उपरान्त उनकी फसल कुछ ही समय में पीली पड़कर सूखने लगी। किसानों ने आशंका व्यक्त की कि उन्हें अमानक अथवा नकली उर्वरक बेचा गया है, जिससे उनकी मेहनत और लागत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। शिकायत को अत्यन्त गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल उप जिलाधिकारी महरौनी एवं जिला कृषि अधिकारी राजीव भारती को मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिये, जांच के दौरान सम्बंधित खेत में फसल पीली पड़ने की स्थिति पायी गई तथा प्रथम दृष्टया फसल पर नकली अथवा अमानक उर्वरक के दुष्प्रभाव के संकेत मिले।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा एक जांच समिति गठित की गई, समिति द्वारा सम्बंधित विक्रेता के यहां उपलब्ध उर्वरक के नमूने विधिवत अधिग्रहीत कर अधिकृत रूप से परीक्षण हेतु लखनऊ स्थित प्रयोगशाला को भेजे गए, प्राप्त परीक्षण रिपोर्ट में नमूना अमानक पाया गया, जिससे किसानों की शिकायत सही सिद्ध हुई। तत्पश्चात जिलाधिकारी के निर्देश पर सम्बंधित खाद विक्रेता मे देवता ट्रेडर्स के विरुद्ध थाना महरौनी में एफआईआर दर्ज करायी गई तथा विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की प्रकिया प्रारंभ कर दी गई है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने स्पष्ट कहा है कि जनपद में यदि कोई भी विक्रेता नकली अथवा अमानक उर्वरक एवं फसल कीटनाशक दवाओं की बिकी करते हुए पाया गया तो उसे किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि इसके लिए सम्बंधित अधिकारियों की विशेष टीम गठित की गई है, जो जनपद में उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेताओं की नियमित निगरानी कर रही है, आवश्यकता पड़ने पर निरीक्षण, नमूना परीक्षण एवं लाईसेंस निरस्तीकरण जैसी कार्रवाई भी की जाएगी।

जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि उर्वरक एवं कीटनाशक केवल अधिकृत एवं पंजीकृत विक्रेताओं से ही खरीदें तथा खरीद की रसीद अवश्य प्राप्त करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल जिला प्रशासन या कृषि विभाग को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने फिर से दोहराया कि जिला प्रशासन किसानों के हितों की रक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस प्रकार की शिकायतों पर त्वरित एवं सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ।

---

### मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस का जागरूकता अभियान

# हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने प्रेरित किया



ललितपुर। नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जनपद में मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र और एंटी रोमियो टीमों ने बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों तथा गांव-गांव जाकर महिलाओं व किशोरियों से संवाद किया। इस दौरान उन्हें आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीडन से बचाव, साइबर अपराध से सतर्क रहने के उपाय तथा कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस टीमों ने विशेष रूप से साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों को सावधान किया कि साइबर ठग अक्सर डर और लालच का सहारा लेते हैं। ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी को साझा न करने की सख्त सलाह दी गई। अभियान के दौरान महिलाओं को आपात स्थिति में तुरंत सहायता पाने के लिए हेल्पलाइन नंबरों—112 (आपातकालीन सेवा), 1090/1091 (महिला सुरक्षा हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन) और 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन)—की जानकारी देकर इनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि छेड़छाड़, उत्पीडन या साइबर ठगी की किसी भी सूचना पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नारी सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि ललितपुर पुलिस का दृढ़ संकल्प है।

---

### 5वें दिन कृष्ण बाल लीलाएं और गोवर्धन पूजा का वर्णन किया

# भक्तों की रक्षा करने भगवान रहते तत्परः महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन का आयोजन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं श्री गोवर्धन पूजा पर केंद्रित रहा। कथा व्यास महामंडलेश्वर राधा मोहन दास जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान की दिव्य लीलाओं का रसपान कराते हुए भक्ति, प्रेम और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कथा स्थल पर छप्पन भोग अर्पण के साथ भक्ति और उल्लास का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के गोकुल स्थित बाल्यकाल की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता यशोदा के वात्सल्य में पले भगवान की माखन चोरी की लीला केवल बाल सुलभ चंचलता नहीं, बल्कि भक्तों के प्रेम को स्वीकार करने का प्रतीक है। पूतना वध, शकटासुर एवं तृणावर्त वध, वत्सासुर और बकासुर संहार की घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान सदैव अपने भक्तों की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। कालिय नाग दमन की कथा सुनाकर उन्होंने बताया कि भगवान ने यमुना को विषमुक्त कर गोकुलवासियों को भय से मुक्त किया। गोपियों के साथ रासलीला का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने इसे आत्मा और परमात्मा के मिलन का दिव्य प्रतीक बताया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पूजा प्रारंभ करने की कथा सुनाई गई। महाराज श्री ने बताया कि भगवान ने इंद्र के अहंकार का नाश कर प्रकृति पूजा का संदेश दिया। इंद्र के प्रकोप स्वरूप हुई प्रलयंकारी वर्षा से गोकुलवासियों की रक्षा हेतु भगवान ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत धारण कर सभी को आश्रय दिया।

उन्होंने कहा कि यह प्रसंग सिखाता है कि प्रकृति और उसकी संपदाओं का सम्मान करना ही सच्ची पूजा है। गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में भगवान को 56 प्रकार के व्यंजन अर्पित किए गए। छप्पन भोग श्रद्धा, समर्पण और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान का पूजन-अर्चन कर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं प्रातःकाल आचार्य पंडित कमलेश शास्त्री रामानुज मिश्रा ने विधि-विधान से आवाहित देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। मुख्य यजमान पंडित श्यामाकांत चौबे एवं वंदना चौबे ने गोवर्धन भगवान का पूजन किया।

---

# कनेक्शन काटने पर बवाल, बिजली बिल जांच टीम पर हमला- एफआईआर दर्ज

ललितपुर। महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम भौरदा में बिजली विभाग की टीम पर हमला और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। विभागीय कर्मचारी की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विद्युत विभाग में अवर अभियंता के पद पर तैनात आयुष कुमार पुत्र मोहनदास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शासन की महत्वाकांक्षी बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के अंतर्गत पंजीकरण और राजस्व वसूली के लिए अपनी संविदा टीम के साथ ग्राम भौरदा गया था। आरोप है कि टीम ने उपभोक्ता अरविंद उर्फ बड़े रज्जू पुत्र भगवानी लखन से बिल संबंधी अभिलेख मांगे, लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर लाइनमैन द्वारा अस्थायी रूप से विद्युत संयोजन काट दिया गया। इसी बात से नाराज होकर आरोपी और उसके 3-4 साथियों ने टीम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने जूते-चप्पलों से हमला करते हुए सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई, संविदा कर्मी का मोबाइल तोड़ दिया और टीम की बाइक में भी तोडफ़ोड़ की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए सरकारी प्रपत्र भी छीनकर फाड़ दिए। महरौनी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

---

### बोर्ड परीक्षा सोशल साइंस व कृषि विज्ञान का पेपर शांतिपूर्ण संपन्न

**ललितपुर।** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित परीक्षाएं जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित माहौल में सम्पन्न हुईं। प्रशासन और शिक्षा विभाग की कड़ी निगरानी में परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक रहीं। हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान परीक्षा में कुल 19,700 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 18,770 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 930 अनुपस्थित रहे। संस्थागत श्रेणी में 19,588 पंजीकृत में से 18,672 उपस्थित और 916 अनुपस्थित रहे। वहीं व्यक्तिगत श्रेणी में 112 पंजीकृत में से 98 उपस्थित तथा 14 अनुपस्थित दर्ज किए गए। इधर इंटरमीडिएट कृषि विज्ञान परीक्षा में कुल 374 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 371 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और मात्र 3 अनुपस्थित रहे। संस्थागत श्रेणी में 373 में से 370 उपस्थित और 3 अनुपस्थित रहे, जबकि व्यक्तिगत श्रेणी का एकमात्र परीक्षार्थी उपस्थित रहा। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की नकल या अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली।

---

# सीसीटीवी फुटेज न देने पर अवमानना का दोषी ठहराया, आरोपी को जमानत मिली

ललितपुर। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी करते हुए सीसीटीवी फुटेज प्रस्तुत न करने के मामले में थाना कोतवाली के तत्कालीन एसएचओ और विवेचक को अवमानना का दोषी ठहराया है। अदालत ने दोनों अधिकारियों को न्यायालय उठने तक हिरासत में रखने का आदेश दिया तथा भविष्य में न्यायालयीय आदेशों की अवहेलना न करने की चेतावनी दी। मामला सानू उर्फ राशिद की जमानत अर्जी से जुड़ा है। अभियोजन के अनुसार आरोपी ने सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बैंक खाते खुलवाकर बजाज फाइनेंस से लोन की रकम हड़पने का आरोप है। सुनवाई के दौरान अदालत के संज्ञान में आया कि आरोपी को 14/15 सितंबर 2025 को हिरासत में लिया गया, जबकि औपचारिक गिरफ्तारी 17 सितंबर को दिखाई गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कई बार सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने के बावजूद पुलिस अधिकारियों ने प्रस्तुत नहीं किया। हाईकोर्ट ने इसे गंभीर मानते हुए कहा कि यह न केवल न्यायालय के आदेशों की अवहेलना है बल्कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन भी है। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि अवैध हिरासत के लिए आरोपी को एक लाख रुपये मुआवजा दिया जाए, जिसकी वसूली जिम्मेदार अधिकारियों से की जा सकती है। इसी के साथ कोर्ट ने आरोपी सानू उर्फ राशिद को शर्तों के साथ जमानत देने का आदेश दिया और पुलिस महानिदेशक, यूपी को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

---

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला संपन्न

# जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को भाजपा की नीतियों, रीतियों के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की कार्यशाला दो सत्रों में दस बजे से चार बजे तक आयोजित हुई। जिसमें प्रमुख कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को भारतीय जनता पार्टी की रीतियों, नीतियों को लेकर मुख्य अतिथि कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जिला महामंत्री रामकिशोर साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन कार्यक्रम जिला संयोजक जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने किया । कार्यशाला में मुख्य अतिथि और मुख्य बक्ता के रुप में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि यह जिला प्रशिक्षण कार्यशाला भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग है जो हम लोगों का लखनऊ में प्रशिक्षण के माध्यम से सिखाया गया है वहीं आज जिला स्तर पर सिखाया जायेगा। प्रशिक्षण के माध्यम से हमें यह वताया जायेगा कि एक अनुशासित कार्यकर्ता के आचरण ,विचार,भाव कैसे होने चाहिए। जैसे कि हम लोग रोज पूजा के पहले धर्म प्रतीकों को रोज धोकर चमकाते हैं उसी तरह कार्यकर्ताओं को भी पुनः पुनः प्रशिक्षण देकर उन्हें भाजपा की रीतियों, नीतियों को बताकर पुनरावृत्ति करायी जाती है जिससे हमारे कार्यकर्ता भी पार्टी विद द डिफरेंस दिख सकें। उन्होंने कहा कि पार्टी में कार्यकर्ताओं को वरिष्ठों का सम्मान आवश्यक रूप से करना चाहिए इससे सम्मान करने बालों का सम्मान स्वत ही बढ़ेगा । आज टेक्नोलॉजी के युग में नवाचार का अनुसरण कर के हमारी पार्टी भी सरल ऐप,नमो एप इत्यादि के माध्यम से हमारा संगठन एक सूत्र में जुड़ता है और कार्यक्रमों से परिचित होता रहता है । आज सोशल मीडिया का युग जिसमें फेंक न्यूज़ की भरमार रहती है अगर हमारा कार्यकर्ता सोशल मीडिया से प्रशिक्षित और जागरूक रहेगा तो हम इसकी सत्यता जान सकेंगे। हमारे कार्यकर्ताओं को समाज के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।यदि हम समाज के प्रति संवेदनशील रहेंगे तो हमारा बूथ मजबूत होगा और बूथ मजबूत होगा तो सारा संगठन मजबूत होगा । मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू ने कहा कि संगठन महापर्व के क्रम में भारतीय जनता पार्टी द्वारा समस्त जिलों में यह कार्यशाला आयोजित की जा रहीं हैं। कार्यकर्ताओं के निर्माण प्रक्रिया को सतत गतिशील रहने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।



### जनवरी की रैंकिंग में ग्वालियर व रतलाम को पछाड़ते हुए ग्रुप-ए में प्राप्त किया यह गौरव

# क्राइम और क्रिमिनल टेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम में राजगढ़ पुलिस प्रदेश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले को गौरवान्वित करते हुए पुलिस टीम ने क्राइम और क्रिमिनल टेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) की जनवरी 2026 की रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जांच को तेज, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए पुलिस आजकल कई महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयरों की मदद से का्रइम की गुत्थी सुलझाते हैं।

सीसीटीएनएस एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो सभी थानों को एक साथ जोडकर अपराध और अपराधियों का रियल-टाइम डेटाबेस तैयार कर अपराधियों की धरपकड़ करता है। उल्लेखनीय उपलब्धि पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के प्रभावी मार्गदर्शन में जिले की समस्त पुलिस इकाइयों द्वारा सीसीटीएनएस पोर्टल पर किए गए गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं तकनीकी रूप से सटीक कार्य का परिणाम है।

CCTNS Ranking Group A, January 2026

| S.N. | District | Data Quality Score (Out of 80) | Data Quantity Score (Out of 80) | Total (Out of 160) | RANK |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RAJGARH | 73 | 80 | 153.00 | 1 |
| 2 | GWALIOR | 68.2 | 81 | 149.20 | 2 |
| 3 | RATLAM | 67 | 80 | 147.00 | 3 |
| 4 | SHIVPURI | 65 | 78 | 143.00 | 4 |
| 5 | MANDSAUR | 63 | 80 | 143.00 | 4 |
| 6 | SATNA | 60 | 78 | 138.00 | 5 |
| 7 | MORENA | 58 | 80 | 138.00 | 5 |
| 8 | JABALPUR | 53 | 77 | 130.00 | 6 |
| 9 | BHOPAL (Urban) | 54.33 | 75 | 129.33 | 7 |
| 10 | SEHORE | 55 | 74 | 129.00 | 8 |
| 11 | NARSINGHPUR | 54 | 74 | 128.00 | 9 |
| 12 | INDORE (Urban) | 51 | 75 | 126.00 | 10 |
| 13 | UJJAIN | 51.6 | 74 | 125.60 | 11 |
| 14 | CHHINDWARA | 46.8 | 76 | 122.80 | 12 |
| 15 | BURHANPUR | 57 | 64 | 121.00 | 13 |
| 16 | BETUL | 52 | 68 | 120.00 | 14 |
| 17 | SEONI | 49 | 70 | 119.00 | 15 |
| 18 | KHARGONE | 59.00 | 59 | 118.00 | 16 |
| 19 | DEWAS | 37.60 | 80 | 117.60 | 17 |
| 20 | KATNI | 51.00 | 61 | 112.00 | 18 |
| 21 | CHHATARPUR | 54.14 | 50 | 104.14 | 19 |
| 22 | DAMOH | 48.5 | 51 | 99.50 | 20 |
| 23 | DHAR | 44.00 | 54 | 98.00 | 21 |
| 24 | SAGAR | 39 | 42 | 81.00 | 22 |
| 25 | REWA | 38.5 | 34 | 72.50 | 23 |



### डेटा क्वालिटी और क्वांटिटी में आए अव्वल

*इस रैंकिंग में जिला राजगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। जिला राजगढ़ को इस रैंकिंग में निम्नांकित अंक प्राप्त हुए*
*डेटा क्वालिटी स्कोर - 73/80*
*डेटा क्वांटिटी स्कोर - 80/80*
*कुल स्कोर - 153/160*
*जो कि ग्रुप-ए के समस्त जिलों में सर्वाधिक है।*

### ग्वालियर और रतलाम जैसे जिलों को पछाड़ा

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नेतृत्व में ग्रुप-ए की सूची में प्रदेश के कई जिलों को पछाड़ते हुए यह स्थान प्राप्त किया है। इस सूची में ग्वालियर द्वितीय स्थान पर तथा रतलाम तृतीय स्थान पर रहा। इसके बाद शिवपुरी एवं मंदसौर ने संयुक्त रूप से उच्च स्थान प्राप्त किया।

### जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाने के प्रयास रहेंगे जारी : एसपी तोलानी

प्रदेश में मिली इस सफलता में पुलिस अधीक्षक ने जहां जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी, (सीसीटीएनएस) नोडल अधिकारी एवं संबंधित पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों की निरंतर मॉनिटरिंग, टीमवर्क, तकनीकी दक्षता एवं प्रतिबद्धता की महत्वपूर्ण भूमिका को माना है। वहीं उन्होंने कहा कि जिला राजगढ़ पुलिस भविष्य में भी डिजिटल पुलिसिंग, अपराध अनुसंधान में तकनीक के अधिकतम उपयोग, पारदर्शिता एवं जन-विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

### प्रतियोगिता में जनपद क्षेत्र की 5 पंचायतों के खिलाड़ियों ने की सहभागिता

# पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने टीमों का चयन

**भारत की पारंपरिक खेल विधाएं हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्य प्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशानुसार कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़ के मार्गदर्शन में नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का संयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग, राजगढ़ द्वारा किया जा रहा है।

प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक वर्ग में कबड्डी एवं बालिका वर्ग में खो-खो खेल का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद स्तर से चयनित टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जनपद क्षेत्र की 5 पंचायतों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमशः 21 हजार, 11 हजार एवं 5 हजार की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ संभागीय खेल अधिकारी शर्मीला डाबर ने किया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक राजकुमार प्रजापति, क्रीडा शिक्षक देवेंद्र सक्सेना, मुकेश शर्मा, चंदा खान, सचिन शर्मा,इंद्र नारायण श्रीवास,राम भील,रामवीर किशन बैरागी, एवं सैकड़ों खिलाड़ी उपस्थित रहे। संभागीय खेल अधिकारी शर्मीला डाबर ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की पारंपरिक खेल विधाएं हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन खेलों के माध्यम से खिलाड़ियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर से प्रतिभाओं को आगे बढ़ाकर जिला एवं राज्य स्तर तक मंच प्रदान करना विभाग की प्राथमिकता है।

### कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में हो रहा आयोजन

# जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला 23, 24 व 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

उप संचालक सह परियोजना संचालक आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग राजगढ़ द्वारा दी गई जानकारी अनुसार कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन, नेशनल मिशन ऑन इडिवल ऑयल तिलहन एवं आत्मा योजना अन्तर्गत कृषि विज्ञान मेला का तीन दिवसीय आयोजन मोहनपुरा कृषि धाम मोहनपुरा डेम के पास राजगढ़ में 23, 24 एवं 25 फरवरी 2026 को कृषक प्रशिक्षण स्थल पर किया जाएगा।

# बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य व कैंसर जागरुकता शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छता और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से लायंस क्लब सारंगपुर इकाई द्वारा स्वास्थ्य एवं कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लायंस क्लब अध्यक्ष रुपेश जोशी के नेतृत्व में स्थानीय शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर स्कूल में संपन्न हुआ। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. तसलीम मंसूरी उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, नियमित जांच कराने और कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. मंसूरी ने विशेष रूप से किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान होने वाली शारीरिक समस्याओं, पोषण, स्वच्छता एवं वैज्ञानिक देखभाल के बारे में समझाया। उन्होंने छात्राओं को संकोच छोड़कर अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विशेषज्ञ से परामर्श लेने की सलाह दी तथा उनके प्रश्नों के समाधान भी दिए। कार्यक्रम का संचालन भूतपूर्व सचिव लायन अंजली प्रदीप जोशी द्वारा किया गया। अंत में स्कूल की संचालिका एवं क्लब सदस्य दिव्या अतुल जोशी ने सभी अतिथियों, चिकित्सक एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। शिविर में क्लब की वरिष्ठ महिला सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहीं, जिनमें भूतपूर्व अध्यक्ष लायन प्रभा पालीवाल, लायन ममता शर्मा, लायन नीता मकोडिया, लायन भावना दंडवानी, लायन मेघना जोशी, लायन रूपा बारीकियां और लायन सुरभि चैहान शामिल थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शास्त्री स्कूल के संचालक एवं क्लब सदस्य लायन अतुल जोशी, लायन महेश शर्मा, लायन राजेंद्र पालीवाल तथा सचिव लायन प्रदीप चैहान का विशेष सहयोग रहा।



### सरकार को प्रतिदिन हो रहा हजारों रुपए के राजस्व का नुकसान, जिम्मेदार मौन

# बगैर मंडी टैक्स चुकाए धड़ल्ले से हो रहा संतरे का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से व्यापारी संतरा खरीद कर नगर में संतरा एकत्रित कर बिना मंडी टैक्स चुकाए बड़ी मात्रा में संतरे के व्यापार का मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर जगह-जगह अस्थाई मंडियां लगाकर बड़ी मात्रा में संतरे की खरीद-फरोख्त की जा रही है। यह कारोबार बिना वैध कर प्रक्रिया पूरी किए संचालित हो रहा है और संतरे को ट्रकों के माध्यम से दूसरे प्रदेशों में सप्लाई किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सारंगपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से व्यापारियों द्वारा सीधे किसानों से संतरा खरीदा जा रहा है। इसके बाद इन्हें निजी गोदामों और शेडों में एकत्र कर लकड़ी एवं कैरेट के बक्सों में पैक किया जाता है। पैकिंग के बाद माल ट्रकों में भरकर प्रदेश की सीमाओं के बाहर भेजा जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में मंडी शुल्क और अन्य करों की अनदेखी किए जाने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदारों की साठगांठ के चलते यह व्यापार खुलेआम फल-फूल रहा है। यदि संतरे की खरीदी मंडी नियमों के तहत हो तो शासन को राजस्व प्राप्त हो सकता है, लेकिन बिना पंजीयन और बिना टैक्स के हो रहे इस कारोबार से सरकारी खजाने को नुकसान पहुंच रहा है। वहीं वैध रूप से व्यापार करने वाले कारोबारियों में भी असंतोष देखा जा रहा है। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर संतरे का संग्रहण और बाहर सप्लाई होने से यह स्पष्ट है कि व्यापार संगठित तरीके से संचालित हो रहा है। अब सवाल यह उठता है कि संबंधित विभाग इस ओर कब तक अनदेखी करते रहेंगे। स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि अवैध व्यापार पर रोक लगाई जा सके और शासन को राजस्व हानि से बचाया जा सके।



**इनका कहना है...**

मुझे आपने बताया। मैं मंडी अधिकारी से इस बारे में बात करता हूं।

**रोहित बम्होरे,** एसडीएम सारंगपुर

# डकैती की योजना बनाते 6 गिरफ्तार, पुलिस ने हथियार व मिर्च पाउडर बरामद किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के नवीन बायपास रोड ब्रिज के नीचे राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे 6 शातिर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर किसी घटना को नहीं होने दिया। इस दौरान आरोपियों के कब्जे से खटकेदार चाकू, लाठी-डंडे और मिर्च पाउडर बरामद किया है।

पुलिस को सूचना मिली कि 6 हथियारबंद व्यक्ति माचलपुर रोड बायपास ब्रिज के नीचे छिपकर सुसनेर-जीरापुर बायपास मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर सभी आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 1 खटकेदार चाकू, लाठी-डंडे एवं मिर्च पाउडर बरामद कर जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 54/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 310(4), 310(5), 310(6) एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने आरोपी संजय कुशवाहा (24) निवासी बड़ी खेड़ी सोयत जिला आगर मालवा, अनिल राठौड़ (25) निवासी जमाई कॉलोनी जीरापुर , अब्दुल नजीब खान (23) निवासी हरिनगर कॉलोनी सुसनेर , शाहरुख मंसूरी (24) निवासी मोड़ी सुसनेर रफीक खान (38) निवासी गागोरनी जीरापुर , मिथुन मेघवाल (23) निवासी सोयत जिला आगर मालवा को गिरपतार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं न्यायालय पेश किया जहां से उन्हें जेल भेजा।

# सुनील वर्मा का भारतीय नौसेना में अग्निवीर के रूप में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजगढ़ के लिए यह गौरव और हर्ष का क्षण है कि बीएससी द्वितीय वर्ष के मेधावी छात्र सुनील वर्मा का चयन इंडियन नेवी में अग्निवीर के रूप में हुआ है। ग्राम बाईहेड़ा तहसील खिलचीपुर जिला राजगढ़ के सुनील ने अपने अदम्य साहस, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर यह प्रतिष्ठित उपलब्धि हासिल की है। वे 21 फरवरी, 2026 को नौसेना के सुप्रसिद्ध प्रशिक्षण केंद्र में रिपोर्ट करेंगे, जहाँ से उनके राष्ट्रसेवा के स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत होगी।



### संघर्ष से सफलता तक

*सुनील वर्मा की सफलता केवल एक चयन नहीं, बल्कि यह उस संघर्ष, संकल्प और सपनों की जीत है जो उन्होंने अपने मन में संजोए थे। सीमित संसाधनों और ग्रामीण परिवेश के बावजूद उन्होंने कभी अपने लक्ष्य से ध्यान नहीं हटाया। नियमित अध्ययन, शारीरिक तैयारी और दृढ़ आत्मविश्वास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया। उनकी यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर हो, तो सफलता निश्चित है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीबी खरे ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सुनील वर्मा की यह सफलता पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। हमें विश्वास है कि वे भारतीय नौसेना में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं स्टाफ ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।*

### पुलिस टीम ने सिटी थाने में रखा सुरक्षित, नहलाया और करवाई कटिंग

# निराश्रित मंदबुद्धि व्यक्ति का किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सिटी थाना ब्यावरा पुलिस और सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले के संयुक्त प्रयास से राजगढ़ रोड से एक निराश्रित मंदबुद्धि व्यक्ति को रेस्क्यू किया गया। यह व्यक्ति अत्यंत दयनीय अवस्था में सड़क पर घूमता हुआ मिला। उसकी स्थिति इतनी खराब थी कि वह ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था। पूछताछ के दौरान वह स्वयं को कर्नाटक क्षेत्र का बता रहा था, किंतु अपना पूरा नाम और पता स्पष्ट रूप से नहीं बता सका। बातचीत में उसने अपना नाम शिवा बताया।

पुलिस टीम द्वारा उसे सुरक्षित सिटी थाने में रखा गया, जहां पहले उसे नहलाया-धुलाया गया और उसके बालों की कटिंग कराई गई। इसके बाद खुशियों के ओटले की टीम ने उसे नए वस्त्र पहनाए और भोजन की व्यवस्था की। कुछ ही समय में उसकी सूरत और स्थिति में इतना बदलाव आया कि लोग पहचान ही नहीं पा रहे थे कि यही वही व्यक्ति है, जो कुछ समय पहले बेहद गंदी हालत में इधर-उधर भटक रहा था।

उल्लेखनीय है कि कई लोग उसे गलतफहमी में बच्चा चोर तक समझने लगे थे। पुलिस को मिली सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे रेस्क्यू किया और मानवीय संवेदनाओं के साथ उसकी देखभाल की। वर्तमान में ब्यावरा पुलिस थाना की टीम और खुशियों के ओटले के सदस्य मिलकर उसे उसके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इस मानव सेवा कार्य में विशेष सहयोग थाना टीआई विरेंद्र धाकड़, दिनेश किरार, पियूष गुप्ता तथा खुशियों के ओटले के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह का रहा। पुलिस और सामाजिक संस्था के इस संयुक्त प्रयास ने समाज में मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की है।



### तकनीकी मापदंडों को दरकिनार कर किए जा रहे कार्य

# निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता, साइट इंजीनियर नदारत!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन द्वारा मूलभूत सुविधाओं, शासकीय भवनों के रखरखाव, भवन निर्माण एवं बाउंड्री वॉल जैसे कार्यों के लिए विधायक एवं सांसद की अनुशंसा पर लाखों-करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत कर विधिवत टेंडर जारी किए जाते हैं। लेकिन क्षेत्र में चल रहे कुछ निर्माण कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं की चर्चा सामने आ रही है।

स्थानीय स्तर पर आरोप है कि संबंधित निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदारों की मिलीभगत के कारण शासन की मंशा पर पानी फिर रहा है। तकनीकी मापदंडों को दरकिनार कर कार्य किए जा रहे हैं और गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। निर्माण कार्य प्रारंभ होने से लेकर पूर्ण होने तक विभागीय अधिकारियों के साइट पर निरीक्षण के अभाव की भी चर्चा है। जनचर्चा के अनुसार, मूल्यांकन और सत्यापन की प्रक्रिया भी बिना मौके पर निरीक्षण के पूरी कर ली जाती है। हालांकि, जब भी इस संबंध में सवाल उठाए जाते हैं तो विभागीय स्तर पर यही जवाब दिया जाता है कि नियमों के विरुद्ध कार्य पाए जाने पर भुगतान में कटौती की जाएगी और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी।



**इनका कहना है**

गुणवत्तापूर्ण कराया जाएगा कार्य।

स्वाति अग्रवाल, एसडीओ, पीआईयू राजगढ़

### महाविद्यालय परिसर में निर्माण कार्यों पर सवाल

इसी प्रकार का मामला सारंगपुर के महाविद्यालय परिसर में सामने आया है, जहां बाउंड्री वॉल एवं नवीन कक्ष निर्माण का कार्य जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य तकनीकी दृष्टि से गुणवत्तापूर्ण नहीं दिख रहा है। मौके पर निर्माण एजेंसी का कोई इंजीनियर मौजूद नहीं है, जिससे कार्यप्रणाली पर संदेह गहरा रहा है। यह भी आरोप है कि ठेकेदार द्वारा कार्य पेटी कॉन्ट्रैक्टर को सौंप दिया गया है, जो मजदूरों और मिस्त्रियों के माध्यम से अपनी सुविधा अनुसार निर्माण कार्य करवा रहा है। अब देखना यह है कि करोड़ों रुपये की लागत से हो रहे इन विकास कार्यों की गुणवत्ता पर जिम्मेदार अधिकारी कब तक ध्यान देते हैं।